छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

मुख्यालय–सेक्टर–24, अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0)

Telephone: 0771-2272969, Email: swc.mgrpersonnel@gmail.com, Website : www.cgswc.cg.gov.in

क्रमांक / 11510 / छगवेका / मु0 / स्था0 / परिपत्र / 2024–25 / नवा रायपुर, दिनांक– 16.10.24

–:: परिपत्र ::–

नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक दिनांक 07.08.2024 में, प्रबंध संचालक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में, निगम के पोर्टल में, वर्तमान में कार्यरत समस्त नियमित अधिकारी / कर्मचारियों के प्रोफाइल में नॉमिनेशन फॉर्म को अपलोड करने की डिजिटल व्यवस्था के साथ–साथ ऑफलाईन रिकार्ड भी संधारित किया जाना है। अतः नामिनेशन फार्म भरे जाने के संबंध में पूर्व में जारी परिपत्रों को अधिक्रमित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि–

01. निगम के वेबसाइट **https://cgswc.cg.gov.in** में जाकर **Online System Links** पर क्लिक करें, तत्पश्चात् **EST** पर क्लिक करने पर लॉगिन पेज प्रदर्शित होगा, जिस पर अधिकारी / कर्मचारी द्वारा अपना यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड इंद्राज करने पर, कर्मचारी का प्रोफाइल पेज प्रदर्शित होगा जिसमें **"नॉमिनी के एंट्री हेतु क्लिक करें"** बटन पर क्लिक करें।
02. जानकारी इंद्राज करने के पूर्व डेशबोर्ड में प्रदर्शित निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने के पश्चात् ही जानकारी इंद्राज करें।
03. समस्त जानकारी पूर्ण रूप से इन्द्राज किये जाने के पश्चात्, प्रिंट निकालकर, नॉमिनी की फोटो चस्पा करें (एक से अधिक नॉमिनी होने की स्थिति में प्रत्येक नॉमिनी की फोटो अनिवार्य रूप से चस्पा किया जावे)।
04. निर्धारित स्थान पर कर्मचारी हस्ताक्षर करें। अधिनस्थ कर्मचारी के नॉमिनेशन फार्म को, शाखा प्रबंधक द्वारा अनिवार्य रूप से पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित अग्रेषित किया जावे।
05. उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण जानकारी इन्द्राज किये जाने के पश्चात्, पूर्ण रूप से भरे हुये नॉमिनेशन फार्म को निर्धारित स्थान पर अपलोड किया जावे तथा ऑफलाईन रिकार्ड संधारण हेतु **"मूलप्रति / ओरिजनल कॉपी, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनिवार्य रूप से मुख्यालय प्रेषित किया जावे।"**

प्रबंध संचालक महोदय द्वारा निर्देशित।

16.10.24
प्रबंधक (कार्मिक)

क्रमांक / 11510 / छगवेका / मु0 / स्था0 / परिपत्र / 2024–25 / नवा रायपुर, दिनांक– 16.10.24

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ प्रेषित।

01. निज सचिव, प्रबंध संचालक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्या0 रायपुर (छ0ग0)।
02. प्रबंधक (कार्मिक / लेखा / वाणिज्य / वै0भ0गु0नि0), कार्यपालन अभियंता, प्रदाय अधिकारी, वाहन अधिकारी, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय रायपुर (छ0ग0)। उक्त परिपत्र के संबंध में अधीनस्थ समस्त नियमित कर्मचारियों को अवगत करावें।
03. नोडल अधिकारी, आई0टी0, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्या0 नवा रायपुर (छ0ग0)। कृपया उक्त परिपत्र को निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।
04. समस्त अधिकारी / कर्मचारी छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन (छ0ग0) को निर्देशित है कि 10 दिवस के भीतर उपरोक्तानुसार जानकारी ऑनलाईन अपलोड करते हुये मुख्यालय प्रेषित करे।
05. समस्त शाखा प्रबंधक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन (छ0ग0)। उक्त परिपत्र के संबंध मे अधीनस्थ समस्त नियमित कर्मचारियों को अवगत करावें। निर्देशित है कि अधीनस्थ में कार्यरत कर्मचारियों के नॉमिनेशन फार्म को पूर्ण रूप से भरे जाने के पश्चात्, अनिवार्य रूप से पदमुद्रा सहित अग्रेषित करें।
06. मास्टर नस्ती हेतु।

16.10.24
प्रबंधक (कार्मिक)

D/2022-23/BM/Later/TP/B/16/10/2024